## सार-समाचार

### गौसेवकों सहित भामाशाहों का अभिनंदन

**बाप,** (निसं)। निकटवर्ती कोशला गोशाला जाम्बा के तत्वावधान में रविवार को बाप कस्बा स्थित कोठारी धर्मशाला रविवार को गौ सेवकों का अभिनंदन किया गया। सीमाजन कल्याण समिति जिला अध्यक्ष अखेराज खत्री ने बताया कि कार्यक्रम में 101 भामाशाहों व गोभक्तों का शाल, स्मृति चिन्ह व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। बाप क्षेत्र में 51 अभावग्रस्त स्थानों पर भारत विकास परिषद व सीमाजन कल्याण समिति द्वारा भामाशाहों के सहयोग से मई व जून माह में गोवंश सहित अन्य वन्यजीवो के लिए पानी की व्यवस्था की गई थी। जांबा महंत भगवानदास ने कहा की सेवा का भाव जगाने का श्रेष्ठ कार्य भारत विकास परिषद व सीमाजन कल्याण समिति कर रही है। यह बहुत श्रेष्ठ कार्य है। सीमाजन कल्याण समिति गुजरात राजस्थान के संगङ्गन मंत्री नीमसिंह ने कहा कि गोमाता की सेवा से बढ कर कोई सेवा नही है। भीषण गर्मी में भामाशाहों ने अपने कार्यकर्ता की प्रमाणिकता के आधार पर खूब सहयोग किया। जिससे हजारों जीव जंतु इस गर्मी में जीवित रहे। भारत विकास परिषद प्रांत अध्यक्ष जगदीश शर्मा ने कहा कि समाज में भामाशाहों की कमी नहीं है। धन देने वालो के धन का सदुपयोग होना चाहिए। भारत विकास परिषद के नशा मुक्ती प्रकल्प प्रमुख सेवा निवृत एएसपी सोहन राम विश्नोई ने सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया। मंच संचालन अखेराज खत्री ने किया। कार्यक्रम में भारत विकास परिषद वित सचिव रामकिशन भूतडा, सीमाजन कल्याण समिति राजस्थान संगठन मंत्री स्वरूपदान, सीमाजन कल्याण समिति प्रांत अध्यक्ष खेताराम लीलड, स्त्री रोग विशेषज्ञ डा. सुनीता, सचिव बुधराम सियाग, जगदीश शर्मा, जानकी राठी, सीमाजन कल्याण समिति बाप अध्यक्ष मांगीलाल सियाक, मालाराम विश्नोई, महेंद्र सिंह नोख, रमेश सोलंकी, शैतान सिंह, दिलिप भाटी सहित कई लोग मौजूद रहे।

### एडहॉक सदस्य विमल शर्मा का स्वागत

**जैसलमेर,** (नि.सं.)। राजस्थान क्रिकेट संघ की एडहॉक कमिटी के सदस्य के रूप में जैसलमेर जिला क्रिकेट संघ के सचिव विमल शर्मा का रविवार इंडौर स्टेडियम क्रिकेट मैदान पर स्वागत सम्मान क्रिकेट खिलाड़ियों व संघ के पदाधिकारियों द्वारा किया गया। इस अवसर पर संघ के वरिष्ठ उपाध्यक्ष नरेंद्र भाटिया ने विमल शर्मा का माल्यार्पण कर मुंह मीठा करवा कर सम्मान किया। उन्होंने कहा कि जिला क्रिकेट संघ के सचिव विमल शर्मा ने जैसलमेर जिला क्रिकेट संघ व यहां के लोगों का मान बढ़ाया है। इस अवसर पर उपस्थित खिलाड़ियों ने विमल शर्मा का माल्यार्पण कर पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। इस अवसर पर जिला क्रिकेट संघ के उपाध्यक्ष गोपाल सोनी, ललित शर्मा, विजय वैष्णव, जहांगीर मलिक, विनर शर्मा, प्रदीप भाटिया, चंदनदान, संजीव चोपड़ा, विजय ढाका, जेठाराम माली तथा मैग्नम क्रिकेट क्लब तथा शहीद पूनम सिंह क्रिकेट क्लब के खिलाड़ी उपस्थित थे। अंत में एडहॉक कमेटी सदस्य विमल शर्मा ने सभी खिलाड़ियों तथा संघ के पदाधिकारी का धन्यवाद ज्ञापित किया तथा कहा कि जिले के क्रिकेट खिलाड़ियों के लिए हर संभव प्रयास करेंगे ताकि यहां के खिलाड़ियों को आवश्यक खेल व्यवस्था मिल सके

### न्यासी समिति की बैठक आयोजित

**जोधपुर,** (कासं)। राजस्थान अधिवक्ता कल्याण कोष की न्यासी समिति की बैठक रविवार को बार कौंसिल ऑफ राजस्थान के कार्यालय मेंभुवनेश शर्मा (जरिये वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग) की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। अधिवक्ता कल्याण कोष की न्यासी समिति की बैठक मे 20 अधिवक्ताओं के मृत्यु दावों का निस्तारण कर उनके आश्रितों को एक करोड सात लाख चौतिस हजार रूपए (1,07,34,000/-) एवं बीमारी दावों में 28 अधिवक्ताओं को बतीस लाख उनासी हजार रूपए (32,79,000/-) एवं सेवानिवृत्ति दावों में 06 अधिवक्ताओं को उनचालिस लाख उननब्बे हजार पांच सौ रूपए (39,89,500/-) के भुगतान की स्वीकृति प्रदान की। इस प्रकार न्यासी समिति ने कुल 54 दावों का निस्तारण कर कुल एक करोड अस्सी लाख दो हजार पांच सौ रूपये मात्र (1,80,02,500/-) राशि की स्वीकृती प्रदान की गई बैठक मे न्यासी समिति के सदस्य डॉ. सचिन आचार्य, सुनील बेनीवाल एवं-योगेंद्र सिंह शक्तावत तथा विशेष आमंत्रित सदस्य जगमाल सिंह चौधरी, सैयद शाहिद हसन, राजेश पंवार, नवरंग सिंह चौधरी एवं-घनश्याम सिंह राठौड (जरिये वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग) बैठक में उपस्थित रहे।

### शराब दुकान के विरोध में प्रदर्शन

**जोधपुर,** (कासं)। जोधपुर शहर के सांगरिया बाईपास पर शराब की दुकान खुलने को लेकर लोगों का विरोध सामने आया है। शराब दुकान बंद करवाने को लेकर रविवार को आसपास की कॉलोनी में रहने वाले लोग विरोध प्रदर्शन पर उतर आए। लोग शराब दुकान बंद करवाने की मांग को लेकर अड़े हुए हैं। प्रदर्शन में कई महिलाएं भी शामिल हुई। प्रदर्शन कर रही महिलाओं का कहना है कि यहां पर शराब दुकान खोलने की वजह से असामाजिक तत्वों का जमावड़ा रहेगा। जिसकी वजह से यहां रात के समय महिलाओं के लिए निकलना भी मुश्किल हो जाएगा। ऐसे में शराब दुकान को कहीं और जगह पर शिफ्ट किया जाए। क्षेत्रवासी शराब दुकान बंद नहीं करने तक प्रदर्शन जारी रखने की मांग पर अड़े हुए हैं। सरपंच तेजाराम चौधरी ने बताया कि जहां पर शराब का ठेका खोला गया है उसके पास में ही एक स्कूल है जबकि दूसरी तरफ कई कॉलोनियां बसी हुई है। ऐसे में स्थानीय लोगों में आक्रोश है कि यहां पर शराब का ठेका नहीं होना चाहिए, क्योंकि यहां से दिन के समय स्कूल के छात्र भी निकलेंगे।

### गोशाला के दान पात्र की चोरी

**बाप,** (निसं)। बाप कस्बे में कानासर जाने वाली सड़क पर एक दुकान से रविवार को दिन में एक युवक ने गोशाला का दानपात्र चोरी कर लिया। चोरी की घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। फुटेज में उसका चेहरा भी साफ नजर आ रहा है। लोगों ने उसकी पहचान के लिए चोरी करते हुए का विडियो व फोटो सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया है। पुलिस भी उसकी पहचान के प्रयास कर रही है। जानकारी के अनुसार बाप कस्बे में पिछले कुछ माह से दुकानो में लगे गोशाला के दानपात्र चोरी हो रहे है। लेकिन चोर पकड में नहीं आ रहा है। रविवार को कानासर जाने वाली सड़क पर टायर ट्यूब पंचर बनाने वाली दुकान पर एक युवक थैला लेकर आता है। दुकान में गोशाला दान पात्र के पास ही अपना मोबाइल चार्ज पर लगाकर वही बैठ जाता है। दोपहर 12.02 बजे मोबाइल लेने के के बाद इधर उधर देख दानपात्र को अपने थेले में डाल वहां से रवाना हो जाता है।

### व्यापारी बंधुओं ने सेवा दिवस मनाया

**जोधपुर,** (कासं)। त्रिपोलिया बाजार युवा सेवा संगठन की ओर से अनवरत चल रहे गौ सेवा व जीव दया का कार्यक्रम सभी व्यापारी बंधु के सहयोग से रविवार को मण्डोर घोडाघाटी स्थित शंकरमठ गौशाला में आयोजित किया गया। संघ के सदस्य देवेंद्र बाफना ने बताया कि विगत कई वर्षो से अनवरत सभी व्यापारी बंधुओ के सहयोग से गौ सेवा व जीव दया का कार्यक्रम अलग अलग गौशालाओं में आयोजित किया जा रहा है। इसी कडी में रविवार को मण्डोर घोडा घाटी स्थित शंकर मठ गौशाला में गायों को हरा चारा, चीटियों के लिए कीडीनगरा व श्वानों को दूध रोटी खिलाकर सेवा कार्य किया गया।कार्यक्रम में संगठन के सदस्य प्रेम मालपानी, ललित पटवा, गौरव फोफलिया, सागर नागोरी, प्रकाश सालेचा, रौनक राठी, जगदीश राठी व व्यापारियों ने सेवा कार्य में सहयोग दिया।

### पौधारोपण कर संरक्षण का जिम्मा लिया

**जोधपुर,** (कासं)। रेजीडेंसी रोड स्थित जयनारायण व्यास विश्वविद्यालय के केंद्रीय कार्यालय परिसर में रविवार को सघन पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। पर्यावरण संरक्षणकर्ता प्रवीण सुराणा के नेतृत्व में रविवार को जय नारायण व्यास विश्वविद्यालय केंद्रीय कार्यालय परिसर में पौधारोपण किया गया जिसमें नीम पीपल गुलमोहर बेलपत्र बरगद व अन्य औषधियों के 21 पौधे लगाकर उनके संरक्षण की जिम्मेदारी ली। मानसून के आगमन के साथ ही अन्य स्थानों पर भी पौधारोपण की तैयारी पूरी जोरों से की जा रही है। पौधारोपण कार्यक्रम में पूर्व पार्षद पर्यावरण प्रेमी लालसिंह पोकरण, अर्जुनसिंह, अंजना पंवार, पलक सिसोदिय,ा प्रद्युमन सिंह, नरेंद्र सांड, राजकुमार जैन, गौतम नाहर, मन्नुराज जोशी, सुजानसिंह रवि आदि ने उत्साह से भाग लिया।

### भक्त जोड़ों ने हवन में आहुतियां दी

**जोधपुर,** (कासं)। प्रताप नगर स्थित हनुमान शनिधाम में में आयोजित हवन में भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी। हवन का कार्यक्रम पंडित देवेंद्र दाधीच के सानिध्य में किया गया। कई भक्त जोड़ों से भाग लेकर आहुतियां दी। गुप्त नवरात्रि के उपलक्ष्य में आयोजित यह हवन नवमी तक चलेगा। मन्दिर के पुजारी गोपाल महाराज ने बताया कि हवन में कोई भी भक्त जोड़े सहित आहुतियां दे सकता है यह हवन संपूर्ण निशुल्क रहेगा। हवन का समय दोपहर 12:15 बजे से 3:15 बजे तक रहेगा।

# लिखमीदास महाराज की जयंती पर शोभायात्रा निकाली

**जालोर,** (कासं)। जालोर में माली समाज के आराध्य देव लिखमीदास महाराज की जयंती पर भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में पूरा माहौल धर्ममय नजर आया। वहीं रात्रि में भजन संध्या का आयोजन किया गया।

जालोर शहर में रविवार को लिखमीदास महाराज की जयंती को लेकर शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा प्रात: साढे आठ बजे रवाना हुई। शोभायात्रा में आगे घोडे पर भगवा ध्वजा लहरा रहा था। वही उसके पीछे कच्छी घोडी नृत्य, बहुबली हनुमान के साथ ढोल ढमाकों व बैड बाजो की भक्तिमय स्वर लहरियों के बीच पुरा माहौल आराध्य देव लिखमीदास महाराज के रंग में रंगा नजर आया। लिखमीदास महाराज के जयकारों से फिंजा भी गुंजयमान हो उठी। वही बैड बाजो की भक्ति संगीत पर महिला व पुरूष नाचते हुए भक्ति में लीन नजर आये। शोभायात्रा में मुख्य आकर्षक का केन्द्र लक्की एण्ड ग्रुप का शिव ताडंव नृत्य रहा। भगवान शिव के रूप में लक्की ग्रुप ने हर किसी को अपनी ओर आकर्षित किया।

शिव तांडव नृत्य ने शोभायात्रा के चार चांद लगा दिये। वही हर कोई लक्की ग्रुप की कला को देखकर दंग रह गया।



जालोर में लिखमीदास महाराज की जयंती पर शोभायात्रा निकाली। फोटो-राष्ट्रदूत

वहीं रथों में विभिन्न देवी देवताओं की झांकी ने भी भक्तों को अपनी ओर आकर्षित किया।

शोभायात्रा में जगह जगह लोगो द्वारा पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। वही स्वयं सेवी संगठनों के लोगों ने शरबत व पानी आदि की व्यवस्था की। शोभायात्रा में उड़ते गुलाल व भक्तिमय संगीत से भक्तजन लिखमीदास महाराज की भक्ति में लीन नजर आये।

शोभायात्रा में काफी संख्या में महिला, पुरूष, वृद्धजन व बच्चो ने शिरकत की। शोभायात्रा विभिन्न मार्गो से होती हुई कस्बुरबा कॉलोनी पहुंची। जहां आराध्य देव लिखमीदास महाराज की पूजा अर्चना के बाद प्रसाद का वितरण किया गया।

वहीं दिनभर लिखमीदास महाराज के दर्शनार्थ भक्तो की रेलमपेल लगी रही। वहीं रात्रि को भजन संध्या का आयोजन किया गया। जिसमें भजन गायकों ने एक से बढ़कर भजनों की प्रस्तुति दी।

# अधिकारियों के न होने से भटकने को मजबूर लोग

- बाप में एस.डी.एम., तहसीलदार, विकास अधिकारी जैसे महत्वपूर्ण पद रिक्त,
- नगर पालिका में ईओ भी नहीं
- तहसील क्षेत्र में पटवारियों की कमी

**बाप,** (निसं)। फलौदी जिले के बाप उपखंड मुख्यालय पर अधिकारियों की स्थिति को अगर देखे तो यहां हालात पंचायत से भी बुरे हैं। बाप में एसडीएम, तहसीलदार तथा विकास अधिकारी जैसे महत्वपूर्ण अधिकारियों के पद रिक्त हो गए है। इसके अलाव नगर पालिका में ईओ भी नहीं है। तहसील क्षेत्र में पटवारियो की भी भारी कमी है। जब उपखंड मुख्यालय पर अधिकारी ही नहीं होंगे तो उपखंड स्तरीय सुविधाएं लोगों को कैसे मिलेगी। आमजन राजस्व सहित अन्य समस्याओं के निस्तारण को लेकर भटकने को मजबूर होंगे।

एसडीएम, तहसीलदार व विकास अधिकारी का अतिरिक्त जिम्मा सौंप कर जैसे तैसे काम चलाऊ व्यवस्था से काम चलाया जा रहा है। अधिकारियों के न होने से तमाम विकास कार्य ठप पड़े हुए हैं। जनता भगवान के भरोस हो गई है। समय पर काम नहीं हो रहे है। लोगो के मूंह से बरबस यही निकल रहा है कि 'कौन सुने किसको सुनाए'। बाप उपखंड अधिकारी का पद 15 मार्च 2024 से रिक्त है। यहां पर पदस्थापित मांगीलाल सुथार का सरकार ने लोहावट स्थानांतरण कर दिया था। बाप में एसडीएम नहीं लगाकर फलौदी एसडीएम सुनिल पंवार को यहां का अतिरिक्त चार्ज दे दिया। एसडीएम नहीं होने के कारण लोगो को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। साथ ही न्यायायिक मामले व कानून व्यवस्था प्रभावित हो रही है।

हांलाकि एसडीएम सुनिल पंवार यहां आते है, लेकिन बाप उपखंड क्षेत्र बड़ा होने की वजह ये यंहा एसडीएम का नियमित होना जरूरी है। तहसीलदार व नायब तहसीलदार राजस्व महकमे की धुरी माने जाते हैं, लेकिन बाप में दोनों ही नहीं है। तहसीलदार का लोकसभा चुनाव से पहले ही स्थानांतरण कर दिया गया था। इसके अलावा नायब तहसीलदार का पद भी लंबे समय से रिक्त ही पड़ा है।


बाप तहसीलदार क्षेत्र में 34 पटवार मंडल है। इनमें 12 मंडलो की वित्तीय स्वीकृति नहीं है। इसलिए उन पर अभी पदस्थापन नहीं किया गया है। 20 पटवारी मंडल व 2 आरपीजी पटवारी समेत कुल 22 पद स्वीकृत है। इनमें वर्तमान में कार्यरत महज 12 ही है। इसमे भी तीन का तबादला हो चुका है, लेकिन पटवारियों की कमी की वजह से उन्हें अभी तक रिलिव नहीं किया गया है। एक अन्य पटवारी का आरएएस कृषि विपणन अधिकारी पद चयन हो चुका है। इसलिए वे आगामी एक दिनो में रिलिव हो जाएंगे। ऐसे में देखा जाये तो बाप में महज 8 पटवारी ही है। कई पटवारियो के पास 2 से 3 पटवार मंडलो का चार्ज है। पटवारियों की कमी आमजन की परेशानी बढाती जा रही है। एक से अधिक पटवार मंडलो का कार्यभार होने के कारण उन्हें लम्बी दूरी के फासलो पर स्थित अलग-अलग पटवार मंडलो पर उपस्थित रहना पड़ रहा है। जिससे सामान्य कार्यो के लिए आमजन को भारी परेशानी उठानी पड़ रही है। गिरदावरी व जमाबंदी कार्य, नामांतरणकरण, नकल जारी करने के साथ बंटवारा, सीमा ज्ञान, अतिक्रमण सर्वे, रास्ता विवाद सहित कई राजस्व कार्य बुरी तरह से प्रभावित हो रहे है।

वही पंचायत समिति में पद स्थापित विकास अधिकारी गौतम चौधरी पद्दोन्नती होने पर यंहा कुछ दिन पहले से रिलिव हो गए। विकास अधिकारी का पद रिक्त होने से पंचायती राज के कार्य प्रभावित हो रहे है।

बाप ग्राम पंचायत के नगर पालिका बनने के बाद से स्थाई ईओ नहीं लगाया गया है। अतिरिक्त प्रभार से काम चलाया जा रहा है। स्थाई इओ नहीं के कारण कस्बे में विकास की गति थमी हुई है। वर्तमान में ईओ का अतिरिक्त चार्ज तहसीलदार के पास था, उनके यहां से रिलिव होते ही वैकल्पिक व्यवस्था भी ठप हो गई। बाप नगर पालिका पिछली सरकार के अंतिम बजट में ही बनी है। इसलिए अभी नगर पालिका के वार्डो के सीमाकंन का कार्य भी चल रहा है, लेकिन ईओ नहीं होने से यह कार्य भी प्रभावित होगा।

फलोदी विधायक पब्बाराम विश्नोई ने बताया कि बाप में जितने भी महत्वूपर्ण अधिकारियों के पद रिक्त है, वे शीघ्र ही भर दिये जाएंगे।

# मंदिर शिखर पर ध्वजा चढ़ाई



जालोर के पास धानसा में जालंधरनाथ मंदिर का वार्षिकोत्सव मनाया। फोटो-राष्ट्रदूत

**जालोर,** (कासं)। धानसा गांव स्थित जलंधरनाथ मंदिर के 12वें वार्षिकोत्सव पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

लाभार्थी परिवार हडमतसिंह, भवसिंह पुत्र अन्नेसिंह राठौड़ कलदाणी परिवार की ओर से ध्वजा चढ़ई गई। महोत्सव को लेकर मंदिर में ब्रह्माचारी शंकरस्वरूप, प्रेमनाथ, गोपालभारती, विष्णु स्वरूप महाराज के सान्निध्य में धार्मिक अनुष्ठान हुए। महिला मंडली ने भजनों की प्रस्तुति दी। महोत्सव के दौरान काफी संख्या में श्रद्धालुओं की भीड जुटी।

इस दौरान शैतानसिंह, रूपसिंह, नकुलसिंह, रामसिंह, वचनसिंह, हुकुमसिंह, नकुलसिंह राठौड़, जीवसिंह व चंदनसिंह समेत कई जने मौजूद रहे।

## मैग्नम क्लब फाइनल में पहुंचा

**जैसलमेर,** (नि.सं.)। जिला क्रिकेट संघ जैसलमेर के तत्वाधान में चल रही 20 संडे लीग क्रिकेट प्रतियोगिता के तहत रविवार को खेले गए मैच में मैग्नम क्रिकेट क्लब शहीद पूनम सिंह क्रिकेट क्लब को 18 रन से हराकर फाइनल में पहुंचा। जहां 14 जुलाई को यूथ क्लब से मुकाबला होगा।

जिला क्रिकेट संघ के सचिव विमल शर्मा ने बताया कि टॉस जीतकर बल्लेबाजी करने उतरी मैग्नम क्लब की टीम ने 20 ओवर में 118 रन बनाए। जिसमें प्रद्युमन ने सर्वाधिक 40 रन बनाए। जवाबी पारी खेलने उतरी सहित पूनम सिंह क्लब 100 रन पर। आलआउट हो गई। मैग्नम क्लब व यूथ क्लब के बीच 14 जुलाई को फाइनल मैच खेला जाएगा।

# भगवान जगन्नाथ की यात्रा निकाली

**जोधपुर,** (कासं)। जोधपुर में आज भगवान जगन्नाथ, बलराम और सुभद्रा के नगर भ्रमण के लिए निकले। भीतरी शहर में भगवान की रथ यात्रा धूमधाम से निकाली गई।

भीतरी शहर में 350 साल पुराने सुनारों की घाटी स्थित भगवान जगन्नाथ मंदिर से भगवान की रथ यात्रा शुरू हुई। जो विभिन्न मार्गों से होते हुए सुनारों की घाटी पहुंचकर संपन्न हुई।

रथ यात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। सिर पर मंगल कलश धारण कर महिलाओं ने भी उत्साह के साथ हिस्सा लिया।

कार्यक्रम को लेकर स्थानीय लोगों में काफी उत्साह नजर आया।

लोगों ने शोभायात्रा पर पुष्प वर्षा कर अभिनंदन किया। बता दें कि जोधपुर में हर साल भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा धूमधाम से निकाली जाती है। जिसमें भीतरी शहर में रहने वाले लोग बड़ी संख्या में उत्साह के साथ हिस्सा लेकर शामिल होते हैं। कार्यक्रम को लेकर पिछले कई दिनों से तैयारी की जा रही थी।

शोभायात्रा शहर के सुनारों की घाटी से होते हुए सिटी पुलिस, कटला बाजार, कुंज बिहारी मंदिर से सुनारों की घाटी पहुंचकर संपन्न हुई।

इसमें शामिल होने के लिए युवा पारंपरिक धोती कुर्ता की वेशभूषा में भी पहुंचे। युवाओं ने भगवान का रथ खींचकर सुख समृद्धि की मंगल कामना की। वही एक जैसी ड्रेस पहन कर आई महिलाओं ने भी उत्साह के साथ मंगल गीतों पर नृत्य किया।

# 7 क्विंटल हरा चारा दिया




जालोर में भारत विकास परिषद् ने गौ सेवा कार्यक्रम का आयोजन किया। फोटो-राष्ट्रदूत

**जालोर,** (कासं)। भारत विकास परिषद्, जालोर की ओर से चलाए जा रहे सेवा व पर्यावरण पखवाडे के 11 वें दिन रविवार को निकटवर्ती लेटा बाय पास रोड स्थित गौ रक्षा सेवा संस्थान जालोर की ओर से संचालित गौ रक्षा उपचार केंद्र में एक सेवा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके अपंग ,बीमार व विकलांग गोवंश की सेवा व देखभाल की गई।

प्रांतीय उपाध्यक्ष (सेवा) पदमाराम चौधरी व शाखा अध्यक्ष राजेंद्र भूतङा की मौजूदगी में गौ शाला रक्षा उपचार केंद्र में परिषद् सदस्य कालूराम - चंद्राराम कुमावत परिवार की ओर से अपंग ,बीमार व विकलांग गौ वंश के लिए 7 क्विंटल हरा चारा प्रदान कर अन्य सेवा कार्य किये गये। कार्यक्रम में प्रांतीय उपाध्यक्ष चौधरी ने बताया कि गौवंश की सेवा करना जीवन का सबसे बडा पुण्य का कार्य है। गाय हमारी संस्कृति की पहचान है, लिहाजा हम गौवंश का समुचित संरक्षण कर समाज व राष्ट्र को समृद्धि व खुशहाली की ओर अग्रसर कर सकते है। शाखाध्यक्ष भूतङा ने बताया कि दिनांक 27 जून से प्रारम्भ हुए इस सेवा व पर्यावरण पखवाडा के दौरान शाखा की ओर से यह 10 वां सेवा कार्यक्रम आयोजित हो रहा है। गौ रक्षा उपचार केंद्र से जुडे गौ भक्त सुरेश सागर ने इस केंद्र के प्रबंधन के लिए किया जा रहे कार्यो से सभी को अवगत कराया। उन्होंने बताया कि अभी उपचार केंद्र में 300 से अधिक गोवंश है। लेकिन अधिकांश बीमार, अपंग व विकलांग है। ऐसे में उनकी सेवा जन सहयोग से ही की जा रही है। उन्होंने गौशाला उपचार केंद्र में बीमार गायों की सेवा करने के लिए परिषद् का आभार जताया।

इस मौके सचिव संतोष कुमार दवे महेंद्र आनंद वैष्णव, चंद्राराम व कालूराम कुमावत, पुखराज सिंह चौधरी, रामेश्वर लाल, मुकेश कुमार, कैलाश समेत कई जने मौजूद थे।

# एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधारोपण किया



जालोर में भाजपा नगर मंडल के एक पेड मां के नाम अभियान के तहत मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग ने पौधारोपण किया। फोटो-राष्ट्रदूत

**जालोर,** (कासं)। भाजपा प्रदेश नेतृत्व के निर्देशानुसार प्रधानमंत्री के आव्हान पर भाजपा नगर मंडल जालोर द्वारा एक पेड मां के नाम अभियान के तहत मुख्य सचेतक विधानसभा जोगेश्वर गर्ग व भाजपा नगर अध्यक्ष सुरेश सोलंकी के नेतृत्व में मलकेश्वर मठ के पास पौधारोपण किया गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसारर भाजयुमो जिलाध्यक्ष गजेन्द्रसिंह सिसोदिया,विधानसभा क्षेत्र संयोजक दीपसिंह धनाणी, नगर महामंत्री व पार्षद दिनेश महावर, जिला कार्यालय मंत्री डिम्पलसिंह,नगर उपाध्यक्ष राजकुमार चौहान,मेथी देवी, पूर्व नगर अध्यक्ष छगन दास रामावत, पार्षद हीराराम देवासी, रणजीतसिंह राजपुरोहित, नारायण लाल भट्ट, ओम प्रकाश चौधरा सहित कई जने उपस्थित थे।

मुख्य सचेतक विधानसभा राजस्थान जोगेश्वर गर्ग ने कहा कि वर्तमान परिस्थितियों को देखते हुए हमें अधिकाधिक वृक्षारोपण करना होगा जिससे वर्तमान व आने वाली पीढ़ियां शुद्ध वातावरण में अपना जीवन यापन कर सके, अगर पर्यावरण ही शुद्ध नहीं रहेगा तो मानव जीवन संकट में रहे।

# भूमि अधिग्रहण पर रोक लगाई

- रेलवे लाइन बिछाने के लिए निजी खातेदारों की जमीन अधिग्रहण मामला

**जोधपुर,** (कासं)। राजसमंद के नाथद्वारा से निकाली जा रही नई रेलवे लाइन बिछाने के लिए निजी खातेदारों की जमीन अधिग्रहण करने के मामले में राजस्थान हाईकोर्ट जोधपुर ने कड़ा रुख अपनाया है। हाईकोर्ट ने रेलवे के पूर्व निर्धारित डिजाइन को बदलकर कुछ रसूखदार खातेदारों की जमीनें छोड़ने और अप्रभावशाली लोगों की जमीन का अधिग्रहण करने को लेकर दायर याचिका पर सुनवाई करते हुए भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया पर रोक लगा दी।

न्यायाधीश रेखा बोराणा ने नाथद्वारा निवासी जमनादास सनाढ्य एवं तीन अन्य खातेदारों की याचिका पर यह आदेश जारी किया। हाईकोर्ट का आदेश हालांकि केवल याचिकाकर्ता खातेदारों की जमीनों को लेकर ही प्रभावी रहेगा। याचिकाकर्ताओं की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता संदीप शाह एवं अधिवक्ता विनीत सनाढ्य ने पैरवी की। याचिका में बताया गया कि रेल मंत्रालय ने पहले 7 अप्रैल 2022 को अधिसूचना जारी कर नाथद्वारा-नाथद्वारा टाउन रेल लाइन के लिए भूमि अधिग्रहण की अधिसूचना जारी की थी। इसमें याचिका कर्ताओं की भूमि अधिग्रहण के लिए सम्मिलित नहीं थी, लेकिन बाद में बिना किसी कारण 29 दिसम्बर 2023 को नई अधिसूचना जारी कर पहले शामिल की गई जमीनों को छोड़ दिया और याचिकाकर्ताओं की जमीन को शामिल कर लिया। रेलवे द्वारा छोड़ी गई जमीनों में कई प्रभावशाली एवं राजनीतिक रसूखदार लोगों की जमीनें हैं। याचिका में बताया गया कि रसूखदारों को लाभ पहुंचाने के लिए रेलवे ने कानून की भी परवाह नहीं की। अधिग्रहण से पूर्व नियमानुसार आपत्तियां आमंत्रित एवं निस्तारित करनी होती हैं। याचिकाकर्ताओं ने रेलवे अधिनियम की धारा 20-डी में लिखित आपत्तियां भूमि अधिग्रहण प्राधिकारी के समक्ष प्रस्तुत की थी, लेकिन इन आपत्तियों पर सुनवाई करने के बजाय अधिकारियों ने मनमर्जी से आपत्तियां निस्तारित कर अधिग्रहण प्रक्रिया को आगे बढ़ा दिया। अधिकारियों से सम्पर्क करने पर याचिकाकर्ताओं को बताया गया कि आपत्तियों का निस्तारण 9 अप्रैल 2024 को ही कर दिया था। याचिका में इसे भी चुनौती दी गई। याचिकाकर्ताओं को कहना था कि उन्हें सुनवाई को समुचित अवसर नहीं दिया गया। अधिग्रहण प्रक्रिया में खामी एवं रसूखदारों को लाभ पहुंचाने के मामले में प्रारंभिक सुनवाई के बाद न्यायाधीश रेखा बोराणा ने रेल मंत्रालय सहित रेलवे के अधिकारियों एवं नाथद्वारा के उपखण्ड अधिकारी -भूमि अधिग्रहण अधिकारी को नोटिस जारी कर जवाब तलब किया है। कोर्ट ने नोटिस की एक प्रति रजिस्टर्ड डाक से भेजने के भी आदेश दिए। साथ ही याचिकाकर्ताओं की जमीनों के अधिग्रहण सम्बन्धी कार्यवाही पर अंतरिम रोक लगा दी।